हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 संपत्तियों की बाजार कीमत 64 करोड़ से अधिक आंकी, जमीनों का...



07 श्रद्धालुओं की सुरक्षा, बैरिकेडिंग, यातायात का लिया जायजा...



खबर संक्षेप में

विचक्षण ज्योति मालव मणि चंद्रप्रभा श्रीजी म.सा.के 20 वें पदारोहण वर्ष पर धार्मिक आयोजन आज



नलखेड़ा। परम पूज्य विचक्षण ज्योति मालव मणि प्रवर्तिनी महोदया चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज साहब के 20 वें प्रवर्तिनी पदारोहण वर्ष के उपलक्ष में भव्य गुरु - अभिवंदना, चारित्र उपकरण वंदनावली का धार्मिक आयोजन आज होगा। मालवा की पावन वसुंधरा नीमच में स्थित श्री महावीर जिनालय विकास नगर में इस वर्ष परम पूज्य विचक्षण ज्योति मालव मणि प्रवर्तिनी महोदया चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज साहब की सुशिष्या रत्न निधि श्रीजी, पुण्य निधि श्रीजी आदि ठाणा -5 का चातुर्मास बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो रहा है। साध्वी मंडल द्वारा श्री संघ में विभिन्न धर्म आराधना के साथ तपस्याऐ तथा विभिन्न धार्मिक गतिविधियां करवाई जा रही है। साध्वी मंडल की पावन प्रेरणा व निश्रा में 20 अक्टूबर को प.पू.चंद्रप्रभा श्रीजी महाराज साहब के 20 वें प्रवर्तिनी पदारोहण वर्ष के उपलक्ष में मंदिर के समीप स्थित आराधना भवन में प्रातः 9 बजे से नौ पद प्रवचन, गुरु अभिवंदना, दो सामायिक,चारित्र उपकरण वंदना -ओधा, कमल, मुहपत्ती आदि का धार्मिक आयोजन होगा। इस आयोजन का उद्देश्य चारित्र आत्मा को व्रत, नियम, प्रत्याख्यान चारित्र आदि की भेंट प्रदान करना है। इस दौरान साध्वी मंडल द्वारा अपनी गुरु मैया के संयम जीवन पर प्रकाश डाला जावेगा। आयोजन में दो सामायिक करने वालों का बहुमान किया जाएगा वहीं कार्यक्रम के प्रारंभ में 9 से 9:30 बजे तक लक्की ड्रा कूपन का वितरण भी समाज जनों के बीच किया जाएगा। श्री महावीर जिनालय ट्रस्ट विकास नगर द्वारा समाज जनों से उपरोक्त आयोजन में बड़ी संख्या में भाग लेकर गुरु मैया के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने की अपील की गई है।

बगलामुखी मंदिर पर चूनर ओढ़ाकर किया सम्मान

नवरात्रि के अंतिम दिवस देवी के नौ स्वरूपों के साथ निकाली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

श्री राम संकीर्तन मंडल द्वारा वर्ष भर में आने वाले पर्व व त्यौहार प्रभातफेरी में मनाए जाते हैं। इसी के चलते नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग देवी स्वरूपों के साथ प्रभातफेरी निकाली जा रही थी। नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर्व पर देवी के नो स्वरूपों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। सोमवार को प्रातः 5:30 बजे चौक बाजार से श्री राम संकीर्तन यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें देवी के नो स्वरूप में बालिकाएं तथा राम भक्त हनुमान शामिल थे। भक्तगण झांझ मंजीरों व ढोलक पर भजन गाते चल रहे थे। प्रभातफेरी चौक बाजार से गणेश चौराहा,



गवली पुरा होते हुवे मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहां देवी भजनों की प्रस्तुति व दर्शन उपरांत बगलामुखी मंदिर पर पुजारी परिवार के मनोहरलालजी पंडा द्वारा कीर्तन मंडल में शामिल सभी भक्तों तथा मां के नौ स्वरूप धारण किए बालिकाओं का माता की चुनर ओढ़ाकर सम्मान किया गया। यहां से प्रभात फेरी पुनः चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची जहां श्री राम स्तुति पाठ की प्रस्तुति के बाद समापन के पूर्व भजन मंडली के सदस्यों ने शस्त्र पूजन भी किया। ज्ञात रहे कि अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में प्रारंभ हुई श्री राम संकीर्तन यात्रा अनवरत जारी है। संकीर्तन मंडल के सदस्यों द्वारा वर्ष भर में आने वाले सभी पर्व त्यौहार प्रभातफेरी में ही मनाये जाते हैं। इसके चलते नगर में प्रतिदिन धार्मिक माहौल बना रहता है।

मां बगलामुखी के आंगन में कन्याओं के पूजे पैर, हुआ कन्या भोज



नलखेड़ा। शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन सोमवार को विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर के समीप भंडारा परिसर में नगर परिषद द्वारा कन्यापूजन व कन्याभोज का आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में नगर की कन्याओं द्वारा भाग लिया गया जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने कन्याओं के पैर पूज कर उन्हें उपहार प्रदान किये। सोमवार प्रातः 10 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अन्तिम विजय सोनी, सीएमओ मिनी अग्रवाल सहित नगर परिषद पार्षदगणों, अधिकारियों, कर्मचारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा कन्याओं के पैर पूजन किया गया। माँ बगलामुखी मंदिर के मुख्य पुजारी मनोहरलाल भिलाला द्वारा सभी कन्याओं को चुनर ओढाई गई। इसके पश्चयात विशाल कन्याभोज प्रारम्भ हुआ। इसमें नगर की कन्याओं द्वारा बड़ी संख्या में भाग लिया गया।सभी कन्याओं को उपहार प्रदान किये गए।

नवमी पर्व पर सिद्ध पीठ पर पहुंची चुनरी यात्राएं



नलखेड़ा। शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन सोमवार को ग्राम मैसोदा की भव्य चूनर यात्रा आकर्षक झांकियों के कारवां के साथ माँ बगलामुखी मंदिर पहुंची जहाँ माता रानी को चूनर समर्पित की गई। विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ बगलामुखी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान चुनर यात्राओं का आगमन बड़ी संख्या में हुआ। सोमवार नवरात्रि के अंतिम दिवस नवमी पर्व पर ग्राम मैसोदा की चूनर यात्रा सिद्धपीठ पर पहुंची। चुनरी यात्रा में आगे आगे बालिकाएं गरबा करती चल रही थी। जिनमे खड्ग से गरबा कर रही बालिकाएं आकर्षण का केंद्र थी। उसके पीछे बालिकाएं ताशा बजाते चल रही थी। ग्रामवासी व युवाजन बैंड व ढोलक की थाप पर थिरकते चल रहे थे। महिलाएं सिर पर चूनर धारण कर माता रानी के जयकारे लगाते नाचते, चल रही थी। चुनर यात्रा में बैलगाड़ी में राधा कृष्ण की झांकी, मां बगलामुखी मंदिर की झांकी,नव दुर्गा की झांकी, खड़े हनुमान जी की झांकी के साथ ही कई आकर्षक झांकिया शामिल थी। प्रमुख मार्ग से चुनरी यात्रा माता मंदिर पहुंची जहां पर माता रानी के चरणों में श्रद्धा भाव के साथ चुनर समर्पित की गई। चूनर यात्रा के साथ ही ग्राम में सार्वजनिक पांडाल में स्थापित की गई माता प्रतिमाओ को भी विसर्जन हेतु लाया गया। प्रतिमा को ग्रामवासियों द्वारा माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर विसर्जित की गई।

जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

नलखेड़ा में बाल स्वयंसेवकों का निकला प्रभावी पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल स्वयंसेवको का एक विशाल प्रभावी पथ संचलन निकला। पथ संचलन का स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। सोमवार को विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल स्वयंसेवको का एक विशाल पथ संचलन निकला। पथ संचलन प्रातः 10 बजे जायसवाल कालोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज से प्रारम्भ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः माधवकुंज पहुंचा जहाँ समापन हुआ। पथ संचलन माधवकुंज से काछी मोहल्ला, मुखर्जी मार्ग, किला रोड़, अशोक मार्ग, ठाकुर मोहल्ला, सती मोहल्ला, हनुमान मंडी, चौक बाजार, गणेश चौराहा, नयापुरा, नीमा कालोनी से माधवकुंज पहुंचा। पथ संचलन में एक घोष वाहिनी एक ध्वज वाहिनी एवं शेष दंड वाहिनी शामिल थी। संचलन में छोटे छोटे स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में घोष पर कदमताल करते चल रहे थे। संचलन का नगर में स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। संचलन के पूर्व माधवकुंज में प्रातः 8.30 बजे स्वयंसेवको का एकत्रीकरण हुआ। जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला महाविद्यालय प्रमुख दिनेश ओसारा द्वारा स्वयंसेवको का मार्गदर्शन किया गया। जिसके उपरांत शस्त्र पूजन का का कार्यक्रम हुआ।

तरुण स्वयंसेवकों का पथ संचलन निकलेगा आज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नलखेड़ा नगर के तरुण स्वयंसेवकों का विशाल पथ संचलन दशहरा पर्व पर आज नगर में निकलेगा। जिसमें केशव बस्ती का संचलन तहसील रोड स्थित सागर विद्या निकेतन तथा माधव बस्ती संचलन सरस्वती शिशु मंदिर माधव कुंज से प्रारंभ होगा। इसके पूर्व दोनों स्थानों पर प्रात 8:30 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण होगा। तत्पश्चात नगर में पथ संचलन प्रारंभ होगा। स्थान स्थान पर नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया जाएगा।

दुर्गा अष्टमी पर निकली मां अंबे की सवारी

शामगढ़ /मंदसौर। प्रतिवर्ष अनुसार शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर पाटीदार समाज द्वारा मां अंबे की सवारी निकाली गई जो वार्ड नंबर 3 स्थित पाटीदार मोहल्ले से होते हुए मां महिषासुर मर्दिनी देवी माता मंदिर पहुंची वह यहां से पुनः पाटीदार मोहल्लापहुंची महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। मां अंबे की सवारी में बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष एवं बच्चों ने सम्मिलित हुए।

नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और भाजपा नेत्री सुनीता भावसार का महिलाओं ने किया स्वागत

अम्बे माता की आरती में शामिल हुए सांसद बंशीलाल गुर्जर, डांडिया की खनक से गूंजा जीवागंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जीवागंज स्थित श्री पीपली वाली अम्बे माता मंदिर में अष्टमी पर माता रानी की आरती में राष्ट्रीय किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर सहित कई अतिथि शामिल हुए। आरती के बाद मंदिर परिसर में पारंपरिक डांडिया की खनक गूंजी। छोटी-बड़ी बहनों और महिलाओं ने उत्साह से डांडिया खेलकर माता की आराधना की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा नेत्री सुनीता भावसार, भाजपा नेता सुनील जैन महाबली, पुलकित पटवा, विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी गुरुचरण



बग्गा, हेमंत बुलचंदानी और दिलीप ग्वाला पहलवान उपस्थित रहे। मंदिर समिति अध्यक्ष मोहन रामचंदानी, गरबा मंडल समिति अध्यक्ष अंकित माहेश्वरी सहित गोलू डगवार, मनीष सोनी, अनिल शिंदे, दीपू सोनी, अभिषेक सोनी, अस्मित बैरागी और राहुल सोनी ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। वहीं, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और भाजपा नेत्री सुनीता भावसार का स्वागत अनीता कोठारी, सोमलता जोशी, निर्मला माहेश्वरी, नम्रता भावसार, पूर्वा डगवार और पूर्णिमा सोनी सहित अन्य महिलाओं ने किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया। आभार उमेश भावसार ने माना।

गरबा महोत्सव से जीवंत हो रही सांस्कृतिक परंपराएं

गांधी नगर में पूर्व विधायक सिसौदिया, कांग्रेस नेता रघुवंशी और योगी ने भक्तिभाव से की आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





स्थानीय गांधी नगर में नवदुर्गा गरबा समिति के तत्वावधान में आयोजित हो रहे भव्य नवरात्रि महोत्सव के आठवें दिन धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच जगदम्बा की महाआरती संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश रघुवंशी एवं कांग्रेस नेता देवेंद्र योगी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने समिति के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय नागरिकों के साथ मिलकर माँ जगदम्बा की संगीतमय महाआरती उतारी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने समस्त क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और शांति की भावपूर्ण मंगल कामना की। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, भ्रातृत्व और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं। गरबा महोत्सव से जहाँ एक ओर सांस्कृतिक परंपराएँ जीवंत रहती हैं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में सामूहिक एकता और भक्ति का अनुपम माहौल निर्मित होता है। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत समिति के संरक्षक कुशाल सिंह शक्तावत, राजेंद्र सिंह राणा, राजेंद्र सिंह राणावत, गोवर्धन सिंह सोलंकी, मनोहर लाल चौहान, मार्गदर्शक रघुवीर सिंह देवड़ा, के सी शर्मा, प्रेमचंद बामणिया, बालमुकुंद दुबे, सत्यनारायण राव, मदन मालवीय, अशोक गौड़, धर्मपाल सिंह देवड़ा, जगदीश शर्मा, अध्यक्ष रामनारायण प्रजापति, उपाध्यक्ष घनश्याम माहेश्वरी, भोला भारती सोनी, सह सचिव पूरनमल प्रजापति, मंच संचालनकर्ता हस्तीमल सांखला व जितेंद्र सिंह सिसौदिया, व्यवस्थापक मुकेश गुर्जर, नवीन तिवारी, बिंदुपाल सिंह राठौर एवं समिति सदस्य सुरेश शर्मा, बाबूलाल डांगी, भेरूलाल सांवरा, विजेंद्र सिंह चुण्डावत तथा सुरेंद्र सिंह आदि द्वारा दुपट्टा पहनाकर किया गया।

भूमि अधिग्रहण पर 14 भू-स्वामियों ने जताई आपत्ति

बोले-मुआवजे की गणना किस आधार पर हुई, समझ से परे

10 से 15 हजार रुपये वर्गफीट बाजार मूल्य का दावा, मुआवजा महज 88 रुपए प्रति वर्गफीट!

हरिभूमि न्यूज ⏭ किशनगढ़ ताल

विक्रमगढ़-आलोट रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए किए जा रहे भूमि अधिग्रहण और मुआवजा निर्धारण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शासन द्वारा भूमि का मुआवजा कथित तौर पर महज 88 रुपये प्रति वर्गफीट की दर से निर्धारित किए जाने पर 14 भू-स्वामियों ने आपत्ति जताई है। भू-स्वामियों का कहना है कि जब संबंधित क्षेत्र में जमीन का बाजार मूल्य 10 से 15 हजार रुपये प्रति वर्गफीट तक होने का दावा किया जा रहा है, तो मुआवजे की इतनी कम दर किस आधार पर तय की गई, यह उनकी समझ से परे है। भू-स्वामियों ने मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि शासन ने जमीन का मूल्यांकन किस गाइडलाइन, बाजार दर या अन्य मानकों के आधार पर किया है। उनका कहना है कि अधिग्रहित भूमि की वास्तविक स्थिति, क्षेत्र की लोकेशन और आसपास हुए भूखंडों के विक्रय मूल्य को ध्यान में रखकर मुआवजा तय किया जाना चाहिए।

बाजार मूल्य और मुआवजे में भारी अंतर का दावा

भू-स्वामियों के अनुसार, संबंधित जमीन नगर परिषद आलोट के वार्ड क्रमांक 1व क्रमांक 14 में जावराङ्आगर बायपास रोड के समीप स्थित है। उनका दावा है कि क्षेत्र में जमीन का बाजार मूल्य मुआवजे के लिए निर्धारित दर से काफी अधिक है। ऐसे में बाजार मूल्य और निर्धारित मुआवजे के बीच कथित भारी अंतर को लेकर असंतोष है। प्रभावितों ने मांग की है कि भूमि का दोबारा मूल्यांकन कर नियमानुसार उचित मुआवजा निर्धारित किया जाए। उनका कहना है कि जब तक मूल्यांकन का आधार स्पष्ट नहीं होता और उनकी आपत्तियों का निराकरण नहीं किया जाता, तब तक उन्हें न्याय मिलने को लेकर संशय बना रहेगा।1 मोहम्मद हुसैन पिता सादिक अली बोहरा,मुर्जुजा पिता शब्बीर बोहरा कतरेली वाला, अहमद अली पिता असगर अली बोहरा, समस्त निवासी - चोमेहला, जिला झालावाड़ (राज) हुसैन खां पिता करीम खां,मकबुल खां पिता हुसैन खां,हनिफ खां पिता हुसैन खां.,युसूफ खां पिता हुटौन खां ,जितेंद्र पिता विश्वनाथ माली,घनश्याम पिता विश्वनाथ माली,मेनाबाई पति विश्वनाथ माली,मदन पिता अमरचंद्र माली ,दिलीप पिता अमरचंद्र माली ,गोपाल पिता अमरचंद्र माली,मांगुबाई पति शंकरलाल विक्रमगढ़ निष्पक्ष पुनर्मूल्यांकन की मांग भू-स्वामियों ने संबंधित अधिकारियों से मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया की समीक्षा करने और उनकी आपत्तियों पर नियमानुसार सुनवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती है, तो वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायालय की शरण लेने पर विचार करेंगे। फिलहाल, 14 भू-स्वामियों की आपत्तियों और मुआवजे की दर को लेकर संबंधित प्रशासन एवं भूमि अधिग्रहण प्राधिकारी का पक्ष सामने आना शेष है।

14 भू-स्वामियों ने उठाए सवाल

भूमि अधिग्रहण से प्रभावित 14 लोगों ने मुआवजा निर्धारण पर आपत्ति दर्ज कराते हुए मांग की है कि उन्हें बताया जाए कि 88 रुपये प्रति वर्गफीट की दर तय करने के पीछे क्या आधार है। भू-स्वामियों का कहना है कि मुआवजा आदेश में मूल्यांकन की गणना और अपनाए गए मानकों का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए, ताकि उन्हें पता चल सके कि उनकी जमीन का मूल्य किस तरह निर्धारित किया गया।

मां तुलजा भवानी मंदिर में कलेक्टर-एसपी ने किए माताजी के दर्शन



मल्हारगढ़। नगर स्थित प्राचीन मां तुलजा भवानी मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाष्टमी के पावन अवसर पर नौ कन्याओं का पूजन, तोप से आतिशबाजी एवं भव्य महाआरती सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदसौर कलेक्टर दिव्यांक सिंह, मंदसौर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित राजेश दीक्षित ने मां तुलजा भवानी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा कन्या पूजन में सहभागिता की। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री महेश जुनवाल, मल्हारगढ़ अनुविभागीय अधिकारी स्वाति तिवारी, मल्हारगढ़ तहसीलदार पंकज जाट, एसडीओपी पिंटू सिंह बघेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष विजयवर्गीय, टीआरसी सेंड संचालक सतीश तोतला, समाजसेवी रूपचंद होतवानी, राज इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक मोहनलाल गुप्ता, यश गुप्ता, शिवशक्ति इंटरप्राइजेस के संचालक शिवलाल मालवीय, सात्विक फ्रेश के संचालक वेदप्रकाश पाटीदार, मल्हारगढ़ थाना प्रभारी अनिल रघुवंशी, समाजसेवी संजय रत्नावत एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महाष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मां तुलजा भवानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन के दौरान तोप से आतिशबाजी एवं भव्य महाआरती आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने माताजी के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की..।

खबर संक्षेप

विजयादशमी पर शहरभर में जलेगा रावण

देवास। विजयादशमी पर 20 अक्टूबर को शहर में कई स्थानों पर रावण दहन होगा। जनचेतना सामाजिक संस्था कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में 55 फीट ऊंचा पुतला जलाएगी। दोनों जगह कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरू होंगे। पुतले बनाने पर करीब 80-80 हजार रुपए खर्च किए जा रहे हैं। पुलिस ग्राउंड में उज्जैन के कलाकार डेजी जैन और जावेद खान 10 लोगों की टीम के साथ 51 फीट ऊंचा रावण बना रहे हैं। इस बार पुतले को कुर्ता-पायजामा पहनाया जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में उज्जैन के कलाकार मुकेश लकवाल पांच लोगों की टीम के साथ 55 फीट ऊंचा पुतला तैयार कर रहे हैं। इसकी खासियत यह होगी कि दहन के दौरान रावण का सिर धड़ से अलग होकर जमीन पर आएगा और फिर वापस ऊपर चला जाएगा। जनचेतना सामाजिक संस्था पिछले 25 साल से रावण दहन का आयोजन कर रही है। पहले यह कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में होता था, लेकिन सेना भर्ती के कारण इस बार आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र के मैदान में किया जा रहा है।

बासी दशहरे पर 21 को होगा रावण दहन

देवास। हिन्दू उत्सव समिति अपनी परम्परा को कायम रखते हुए विजयादशमी के एक दिन बाद बासी दशहरा पर विशाल रावण के पुतले दहन पुलिस परेड ग्राउंड पर करेगी। समिति के धर्मेन्द्र सिंह बैस ने बताया कि 21 अक्टूबर, बुधवार को पुलिस लाइन ग्राउंड पर रात्रि 8 बजे रंगारंग गगनमय आतिशबाजी के साथ विशाल रावण का दहन होगा, जिसकी तैयारियां चल रही है। समिति ने नगवासियों से रावण दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

जिला और ब्लॉक स्तर पर मिलेंगे पुरस्कार

देवास। कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम आत्मा के अंतर्गत वर्ष 25-26 के सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 21 अक्टूबर तक आमंत्रित किये गये है। परियोजना संचालक कमलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि उन्नत कृषि तकनीक, नवाचार, बेहतर उपज एवं उत्पादकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

लोकायुक्त की जांच में अब तक प्रआ फिरोज खान की अचल संपत्तियों का खुलासा

संपत्तियों की बाजार कीमत 64 करोड़ से अधिक आंकी, जमीनों का सत्यापन जारी

14 अक्टूबर को फिरोज खान के ठिकानों पर हुई थी। लोकयुक्त की छापेमार कार्रवाई, संपतियों की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर में पदस्थ प्रधान आरक्षक चालक फिरोज खान के निवास और अन्य ठिकानों पर लोकायुक्त की सर्च कार्रवाई के बाद संपत्तियों को लेकर नए तथ्य सामने आए हैं। 14 अक्टूबर को इंदौर उज्जैन लोकयुक्त की संयुक्त छापेमार कार्रवाई फिरोज खान के इंदौर और देवास ठिकानो पर की गई थी। 19 अक्टूबर 2026 तक की जांच में आरोपी द्वारा स्वयं, परिवार, सहयोगियों और फर्म के नाम पर कुल 46 अचल संपत्तियां खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है। लोकायुक्त के अनुसार, अब तक चल-अचल संपत्तियों पर कुल 18 करोड़ 79 लाख 79 हजार 531 रुपये खर्च किए जाने का पता चला है। वहीं, इन अचल संपत्तियों की गाइडलाइन कीमत करीब 17 करोड़ 19 लाख रुपये और वर्तमान बाजार कीमत 64 करोड़ 1 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

रंगवासा, लसूड़िया में जमीनों की जानकारी

लोकायुक्त की जांच में पूर्व से ज्ञात संपत्तियों के अतिरिक्त इंदौर जिले की तहसील देपालपुर के ग्राम रंगवासा में कृषि भूमि के कई सौदों की जानकारी मिली है। दस्तावेजों के अनुसार, वर्ष 2023 और 2024 में अलग-अलग तारीखों पर यहां करीब 0.202 से 0.203 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली कृषि भूमि के कई टुकड़े खरीदे गए। इन जमीनों की बताई गई गाइडलाइन कीमत अलग-अलग है।ढइसके अलावा जुलाई 2024 में ग्राम लसूड़िया मोरी, वार्ड क्रमांक 35 में रेड कारपेट के पीछे स्थित 11.7710 हेक्टेयर कृषि भूमि की जानकारी भी सामने आई है। लोकायुक्त के अनुसार, इस जमीन की गाइडलाइन कीमत 3 करोड़ 85 लाख रुपये है।

पत्नी और सहयोगी के नाम से खरीदी जमीनें

जांच में सामने आया है कि उक्त जमीनें स्पार्कवेव रियलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से खरीदी गईं। लोकायुक्त के मुताबिक, यह फर्म आरोपी की पत्नी हिना खान और इंदौर निवासी युवराज पंवार के संयुक्त नाम से संचालित होना पाई गई है। फर्म के कारोबार और संपत्तियों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी जुटाई जा रही है। इन संपत्तियों के संबंध में दस्तावेजों का सत्यापन भी जारी है।

14 अक्टूबर को हुई थी सर्च कार्रवाई

लोकायुक्त पुलिस ने 14 अक्टूबर 2026 को प्रधान आरक्षक



चालक फिरोज खान के विभिन्न आवासों और अन्य ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की थी। यह कार्रवाई लोकायुक्त के महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देशन तथा उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह और इंदौर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के मार्गदर्शन में की गई थी। लोकायुक्त की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, जांच में संपत्तियों के क्रय पर हुए खर्च, उनकी गाइडलाइन कीमत और वर्तमान बाजार मूल्य का आकलन किया गया है। फिलहाल सामने आई संपत्तियों और संबंधित फर्म के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई सत्यापन और विवेचना के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी।

खेत में काम कर रहे मां-बेटे पर गिरी आकाशीय बिजली

बेटे की मौत, मां गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के पांदा जागीर गांव में सोमवार दोपहर खेत पर काम कर रहे मां-बेटे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। हादसे में 25 वर्षीय बेटे शिवम की मौत हो गई, जबकि उसकी मां निर्मला बाई (35) गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद शिवम को मृत घोषित कर दिया। वहीं, निर्मला बाई की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है।

खेत पर काम करते समय हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, पांदा जागीर गांव में सोमवार दोपहर मां निर्मला बाई और उनका बेटा शिवम खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से दोनों उसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण दोनों को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे।

बेटे की मौत, मां की हालत गंभीर

जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने शिवम का परीक्षण किया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल निर्मला बाई को डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आगे के उपचार के लिए इंदौर भेजा गया है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। खेत में काम के दौरान हुए इस हादसे से गांव में भी दुख की लहर है।

महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

कालीसिंध नदी के तट पर स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय महायज्ञ का हवन-पूजन के साथ समापन हुआ। श्री 1008 ब्रह्मलीन बाबा महेश्वरानंद उदासीन की तपोभूमि में महंत श्री लवचन्द्र दास महाराज ने नौ दिनों तक मौन साधना करते हुए मां दुर्गा की आराधना की। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में दुर्गा सप्तशती पाठ एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। महायज्ञ की पूर्णाहुति बागली से आए पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराई। अनुष्ठान के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

नवरात्रि पूर्णाहुति पर हुए आयोजन



देवास। गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर पर नवरात्रि के पावन पर्व पर सामूहिक गायत्री महामंत्र का नव दिवसीय अनुष्ठान का क्रम अनवरत रुप से चलाया जाता है जिसमें गायत्री साधक बड़ी संख्या में ब्रह्ममुहूर्त में सामूहिक गायत्री महामंत्र का जप प्राणि मात्र के कल्याण के लिए करते है, उसी की पूर्णाहुति महानवमी को पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से सम्पन्न हुई। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि सोमवार को पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत हुई जिसमें यज्ञोपवीत, दीक्षा, विद्यारम्भ सहित विभिन्न संस्कार निःशुल्क सम्पन्न हुए। इसी प्रकार गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर देवास पर शारदीय नवरात्रि की पूर्णाहुति प्रज्ञापीठ संरक्षिका दुर्गा दीदी के सानिध्य में पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ सम्पन्न हुई।

कचरा जलाने पर निगम ने की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



स्वच्छता सर्वेक्षण स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम की टीम द्वारा सम्पूर्ण वार्डों, मुख्य मार्गों पर भ्रमण कर कचरा पॉइंट, खुले में कचरा ना डालें इस हेतु नागरिकों में जागरूकता हेतु कार्य किया जा रहा है। वहीं निगम की सहयोगी संस्थाओं के द्वारा भी लोगों में जागरूकता लाने के लिए प्रतिदिन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अंतर्गत निगम की टीम द्वारा भ्रमण के दौरान सिविल लाइन जेपटो प्रतिष्ठान के द्वारा खुले स्थान पर वेस्ट कचरा जलाया जा रहा था। निगम की टीम द्वारा मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। निगम स्वच्छता निरीक्षक विजय सांगते द्वारा टीम के साथ प्रतिष्ठान पर चालानी कार्रवाई कर 5 हजार का अर्थदंड वसुला। इसी प्रकार आयुक्त के निर्देशन में नगर निगम की टीम द्वारा प्रतिदिन दिन एवं रात्रि कालीन में विभिन्न स्थानों पर किए जा रहे भंडारे के आसपास भंडार के प्रसाद की अनुपयोगी सामग्रियों को भी तत्काल उठाया जाकर सफाई की जा रही है। वहीं पीने के पानी की व्यवस्था भी की जा रही है।

संस्था अनंता के पंडाल में मातृशक्ति ने पूजन कर प्रसाद वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर संस्था अनंता परिवार द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में मां जगदंबा की महाआरती की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव सहित भाजपा पदाधिकारियों, मातृशक्ति और कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर माता रानी का पूजन-अर्चन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

महाआरती के पश्चात अतिथियों ने भंडारे का शुभारंभ किया तथा श्रद्धालुओं को फलाहारी प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुभाष शर्मा, संजय दायमा, मनोरमा सोलंकी, राजेश यादव एवं मनीष सोलंकी, संस्था रामराम के शैलेन्द्र सिंह पंवार, मातृशक्ति संगठन की मिथलेश सोनी, पुष्पलता सोनगरा, मोनिका शर्मा और साधना काले सहित मातृशक्ति एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संस्था अनंता परिवार की ओर से कार्यक्रम में शामिल अतिथियों का लाल दुपट्टा ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। संस्था के सदस्यों ने माता रानी के चरणों में शीश नवाकर नगर की सुख-समृद्धि और सभी के कल्याण की कामना की।

अम्बिका चौक पर गरबों की धूम



चापडा। नवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर में भक्ति, उत्साह और गरबों की धूम देखने को मिल रही है। नव दुर्गा उत्सव समिति बाजार पट्टी मां अंबिका चौक मंदिर पर रंग बिरंगी रोशनी में भक्ति व देश भक्ति के रंग बिखर रहे हैं। मां की आराधना के साथ पारंपरिक गरबों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। शाम होते ही पंडाल में भक्तिमय माहौल बनने लगता है और गरबों की ताल पर प्रतिभागी मां की आराधना करते नजर आते हैं। गरबा प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी कला और प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। रितिका प्रजापत, दिव्या वैष्णव द्वारा बालिकाओं को गरबे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाएं गरबे की विभिन्न मुद्राओं, ताल और लय का अभ्यास कराया गया है। पुर्व जनपद सदस्य घनश्याम पाटीदार, गिरधारी शर्मा, मुकेश विश्वकर्मा व्दारा मां अंबिका कि आरती की गई। समिति की ओर से खिर प्रसादी का वितरण किया गया।

नवमी पर हवन-पूजन के साथ-साथ कन्या भोज और भंडारे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा



नवरात्रि की नवमी पर नगर के विभिन्न मंदिरों और दुर्गा पंडालों में हवन-पूजन, कन्या पूजन और भंडारों का आयोजन किया गया। नवमी के अवसर पर लाल माता मंदिर, अन्नपूर्णा माता मंदिर, अंबे माता मंदिर, शक्ति माता मंदिर, गुलमोहर प्रेस स्थित नौ देवियों के मंदिर और पुरानी कचहरी स्थित माता मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर हवन-पूजन किया गया। नगर में स्थापित दुर्गा पंडालों में भी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी नगर के वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत ने खेड़ापति हनुमान मंदिर और शक्ति माता मंदिर में हवन-पूजन किया। नगर परिषद अध्यक्ष एवं नगर पुरोहित संजय जोशी ने विधि-विधान से हवन संपन्न कराया। वहीं, नगर के विभिन्न पंडालों में नगर पुरोहित मनोज जोशी सहित अन्य पंडितों ने पूजा-अर्चना और हवन कराया।नगर के बस स्टैंड, न्यू लायंस क्लब, बिजासन क्लब, संस्था श्री भगवती क्लब, न्यू आराधना, छोटा हनुमान चौक, आदर्श क्लब खेड़ी, गोल्डन क्लब, अन्नपूर्णा चौक, मां भवानी क्लब, वैष्णो देवी क्लब, न्यू श्रद्धा क्लब, स्टैंडर्ड श्री गणेश क्लब, अध्याय ग्रुप और बाबा अमरनाथ मित्र मंडल सहित विभिन्न स्थानों पर मां जगदंबे की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। नवमी पर इन पंडालों में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

श्रमिकों के अधिकारों के लिए प्रदेशभर में जनजागृति अभियान चलाएगी इंटक

श्रम कानूनों में बदलाव के खिलाफ आंदोलन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को मंडी व्यापारी एसोसिएशन धर्मशाला में प्रदेशाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव की अध्यक्षता व प्रदेश संगठन मंत्री लाखन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में श्रमिकों के हितों, श्रम कानूनों, ईपीएफ योजना में वृद्धि तथा संगठन की आगामी कार्ययोजना सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में प्रदेशभर से इंटक पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रदेश मीडिया प्रभारी कैलाश वर्मा ने बताया कि बैठक का शुभारंभ पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, इंटक प्रदेशाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव, महामंत्री बी.डी. गौतम, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नाती, महिला प्रदेशाध्यक्ष सुशीला यादव, संगठन मंत्री लक्ष्मीनारायण पाठक, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, जयसिंह ठाकुर, मनोज राजानी तथा इंदौर के हरनाम सिंह धारीवाल सहित अन्य अतिथियों ने महात्मा गांधी एवं इंटक के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व. मांगीलाल जोशी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत प्रदेश संगठन मंत्री लाखन सिंह ठाकुर, दिलीप परमार, राजेंद्र जाधव, राजेंद्रपुरी गोस्वामी एवं प्रवीण उगडे ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री वर्मा ने कहा कि इंटक प्रदेशभर में श्रमिकों के हितों के लिए अच्छा कार्य कर रही है। कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने के उद्देश्य से देवास में यह बैठक आयोजित की गई है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से संगठन के पदाधिकारी पहुंचे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि बैठक में पारित होने वाले प्रस्ताव आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होंगे। प्रदेशाध्यक्ष यादव ने कहा कि देश की आजादी के पूर्व और पश्चात श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए 44 श्रम कानूनों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने चार श्रम संहिताओं में समाहित कर दिया है। उनके अनुसार, इससे मजदूरों के हितों और अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इंटक प्रदेशभर, विशेषकर औद्योगिक नगरों में बैठकें आयोजित कर श्रमिकों के बीच जनजागृति अभियान चला रही है। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इंटक का अखिल भारतीय अधिवेशन 1, 2 एवं 3 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। इस दौरान श्रमिकों के मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय एवं श्रम शक्ति बोर्ड का घेराव करने की योजना है। संगठन का प्रयास रहेगा कि श्रमिकों के हितों से जुड़े कानूनों में किए बदलाव वापस लिए जाएं और मजदूरों को उनके अधिकार मिल सकें।

सोनकच्छ में आतिशबाजी के साथ 31 फीट के रावण का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



विजयादशमी पर मंगलवार को अनाज मंडी परिसर में 31 फीट ऊंचे रावण के पुतले का सार्वजनिक रूप से दहन किया जाएगा। नगर में रावण दहन की यह परंपरा इस वर्ष 49वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। नगर परिषद द्वारा प्रतिवर्ष इस आयोजन का संचालन किया जाता है। आयोजन से पहले खेड़ापति मंदिर से जुलूस निकाला जाएगा। इसमें बैंड-बाजे, ढोल, अखाड़े और भगवान रामदरबार की झांकी शामिल होगी। जुलूस में राजपूत समाज सहित अन्य समाजों के वरिष्ठजन शामिल होंगे। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जुलूस अनाज मंडी परिसर पहुंचेगा, जहां बुराई के प्रतीक रावण के 31 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया जाएगा।

नवदुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थलों का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

श्रद्धालुओं की सुरक्षा, बैरिकेडिंग,यातायात का लिया जायजा, संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



नवरात्रि पर्व के दौरान नवदुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को सकुशल, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने जनपद के विभिन्न प्रतिमा विसर्जन स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं की सुविधाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने विसर्जन स्थलों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, आवागमन के रास्तों, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की स्थिति देखी।

अधिकारियों ने निर्देश दिए कि विसर्जन कार्यक्रम शुरू होने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीएम और एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान सभी प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए प्रभावी प्रबंध किए जाएं। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने जलाशयों और नदी घाटों पर सुरक्षा के आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्थानीय आयोजकों और दुर्गा पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर विसर्जन कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को कहा। डीएम सत्य प्रकाश और एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने जनपदवासियों से अपील की कि नवदुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं।

उन्होंने सभी से नवरात्रि पर्व को श्रद्धा, आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। जनपद पुलिस की ओर से त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

डीएम और एसपी ने किया रावण दहन स्थल का निरीक्षण



ललितपुर। आगामी विजयदशमी पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने संयुक्त रूप से रावण दहन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और आयोजन संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी आवश्यक प्रबंध समय से पूरे कर लिए जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि रावण दहन कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए, जिससे भीड़ को नियंत्रित रखने के साथ किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल तक आने-जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था व्यवस्थित रखी जाए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। अधिकारियों ने कहा कि आयोजन के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा किसी भी संभावित समस्या से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम पहले से सुनिश्चित किए जाएं। पुलिसकर्मियों को भीड़ पर नजर रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति की आशंका होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने स्पष्ट किया कि विजयदशमी पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

नवमी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की कन्या पूजन कर कराया भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शारदीय नवरात्रि की नवमी के पावन अवसर पर सोमवार को जनपद के विभिन्न माता मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं केपहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। भक्तों ने मां दुर्गा के नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और आरोग्य की कामना की। मंदिरों में माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी को चुनरी, नारियल, फल-फूल एवं प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कई श्रद्धालुओं ने घरों में भी विधि-विधान से हवन-पूजन कर नवरात्रि व्रत का पारायण किया। मंदिर परिसरों में पूजा-अर्चना के साथ आरती और प्रसाद वितरण के आयोजन भी किए गए। नवमी पर कन्या पूजन और कन्या भोज का विशेष महत्व रहा। श्रद्धालुओं ने छोटी-छोटी कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनके चरण धोए और विधि-विधान से पूजन किया। कन्याओं को तिलक लगाकर चुनरी ओढ़ाई गई तथा श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। इसके बाद उन्हें दक्षिणा और उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया। कन्या भोज के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शारदीय नवरात्रि की नवमी पर मां सिद्धिदात्री की आराधना करने और कन्या पूजन करने का विशेष महत्व है। इसी मान्यता के चलते श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की। जनपद के विभिन्न माता मंदिरों में भजन-कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। चारों ओर माता रानी के जयकारे गूंजते रहे और भक्त मां दुर्गा की भक्ति में लीन नजर आए।

64 कन्याओं के सिर पर रखे जवारे के खप्पर, निकाली विसर्जन शोभायात्रा



ललितपुर। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर नगर में मां दुर्गा की आराधना और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मोहल्ला बड़ापुरा स्थित 64 खप्पर जवारे की विशेष शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 64 कन्याओं के सिर पर 64 खप्पर जवारे रखकर विसर्जन के लिए ले जाए गए। शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति भाव से शामिल हुए और माता रानी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। नवरात्र के समापन पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भी जवारे की शोभायात्राएं निकाली गईं। शोभायात्राओं के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के जयकारे लगाकर अपनी आस्था प्रकट की। जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ निकाली गई इन शोभायात्राओं के माध्यम से नगर में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना रहा।

सामूहिक क्षमावाणी, शांतिनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक किया गया



ललितपुर। सतोदय तीर्थ क्षेत्र सेरोंनजी में आज सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम श्रद्धा एवं सौहार्द के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान नवीन कमलासन पर मूलनायक श्री 1008 शांतिनाथ भगवान को विराजमान कर श्रद्धालुओं ने महामस्तकाभिषेक किया। कार्यक्रम में जैन समाज के लोगों ने एक-दूसरे से क्षमा याचना कर आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में दिगंबर जैन पंचायत, देवोदय कमेटी, शांतोदय कमेटी, वर्णी जैन स्कूल कमेटी, जैन मिलन सिविल लाइन तथा महिला समिति संस्कृति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सतोदय क्षेत्र कमेटी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। इसके बाद सामूहिक स्नेह भोज हुआ और कमेटी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान दिगंबर जैन पंचायत से अक्षय जैन, आकाश, सनत जैन, अनिल जैन, सन्मति सराफ, संजीव जैन ममता स्पोर्ट्स, पारस जैन, श्रेयांश जैन, महेंद्र सराफ, डा.राजकुमार, गौरव जैन, सुरेशबाबू जैन, अशोक जैन, विकास सीए, अरविंद, मुकेश नेता, चंचल जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों से रूबरू हुए सचिव देवप्रिय सारस्वत

पाकशाला, पुरुष-महिला बैरक और अस्पताल को देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के निर्देशानुसार सचिव देवप्रिय सारस्वत ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागार में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं कठिनाइयों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सचिव ने कारागार की पाकशाला का अवलोकन किया।

उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के भंडारण और भोजन तैयार करने की व्यवस्था को परखा। पाकशाला की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके बाद पुरुष बंदी बैरक, महिला बंदी बैरक, किशोर बैरक तथा अस्पताल का निरीक्षण किया गया। यहां साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति देखी गई। इस दौरान सचिव देवप्रिय सारस्वत ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि पात्र व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई और जरूरत पडऩे पर संबंधित प्राधिकरण से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर में स्वच्छता एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। सचिव ने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया। इस दौरान जिला कारागार के प्रभारी अधीक्षक/ कारापाल प्रशांत उपाध्याय, उपकारापाल राजीव कुमार, उपकारापाल शकुंतला देवी, जेल चिकित्सक डा.जितेन्द्र लिदौरिया, फार्मासिस्ट भूपेन्द्र सिंह तथा न्यायालय की ओर से रोहित राठौर एवं विकास उपस्थित रहे।

विधायक ने समिति के साथ किया रामलीला मैदान का निरीक्षण

भोपाल से मंगाए रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के वाटरप्रूफ पुतले मैदान में खड़े किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में दशहरा पर्व की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ गोविंद नगर स्थित रामलीला मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। समिति की ओर से आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियां पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सौंप दी गई हैं। दशहरा पर्व पर रावण, मेघनाद और कुम्भकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। इसके लिए तीनों वाटरप्रुफ पुतले भोपाल से मंगाए गए हैं और उन्हें रामलीला मैदान में खड़ा कर दिया गया है।

मैदान को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। समिति के सदस्यों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। समिति के अनुसार, दशहरा पर्व के अवसर पर कल शाम पांच बजे रघुनाथजी मंदिर, चौबयाना से भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा रावरपुरा, घंटाघर, सावरकर चौक, आजाद चौक, पुराने नदीपुल, ललितेश्वरी मंदिर और कुशकुटी होते हुए पुराने मवेशी बाजार से गोविंद नगर स्थित रामलीला मैदान पहुंचेगी। यहां भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन किया जाएगा। इसके बाद गुना के आतिशबाजों द्वारा विशाल आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा। दशहरा आयोजन से पूर्व रामलीला मैदान में राघव लोक कला समिति द्वारा कृष्ण लीला, रासलीला, शिव लीला और रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। समिति की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, ताकि कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं.श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, संयोजक जगदीश पाठक, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, सांस्कृतिक मंत्री अवधेश कौशिक सहित शिवकुमार शर्मा, शुभम कौशिक, कृष्णकांत तिवारी, के.के.साहू और मुन्नालाल त्यागी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बसपा के सेक्टर 46 जुगपुरा में कैडर कैम्प की समीक्षा बैठक संपन्न

संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बहुजन समाज पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और कैडर कैम्प की समीक्षा के उद्देश्य से सेक्टर 46 जुगपुरा स्थित रविदास मंदिर परिसर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. ने की। इसमें पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों, विधानसभा स्तर के जिम्मेदार नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने कैडर कैम्प की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को उनकी संगठनात्मक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और आपसी समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पार्टी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा गांव-गांव तक पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में कैडर कैम्प को कार्यकर्ताओं में संगठनात्मक अनुशासन, राजनीतिक समझ और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया गया। बैठक में मंडल प्रभारी दीपक कुमार टिकरा, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह बेसरा, हाजी फैयाज, विधानसभा प्रभारी केहर सिंह गौतम, कीरत सिंह राजपूत और डा.अनीश सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी इनके अलावा रामप्रसाद अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

भारत को जानो प्रतियोगिता में 950 विद्यार्थियों ने लिया भाग

ज्ञानोदय विद्यापीठ प्रतिभास्थली ने दोनों वर्गों में मारी बाजी



ललितपुर। भारत विकास परिषद की मुख्य शाखा एवं विवेकानंद शाखा के तत्वावधान में श्रीनृसिंह रामलीला मैदान, तालाबपुरा में अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री नृसिंह मंदिर पीठ के महंत गंगादास महाराज ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद प्रतिभागियों ने वंदेमातरम का गायन किया।

प्रतियोगिता के प्रथम चरण में नगर के 10 विद्यालयों के लगभग 950 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। चयनित विद्यार्थियों की वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग में टीमों ने लिखित परीक्षा दी। इसके बाद चयनित टीमों के बीच मौखिक प्रश्नमंच के माध्यम से विजेताओं का चयन किया गया। दोनों वर्गों में ज्ञानोदय विद्यापीठ प्रतिभास्थली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग में जीडी मेमोरियल इंटर कॉलेज तथा कनिष्ठ वर्ग में सरस्वती ज्ञान मंदिर, तालाबपुरा दूसरे स्थान पर रहे। वहीं वरिष्ठ वर्ग में दीवान रघुनाथ सिंह इंटर कॉलेज और कनिष्ठ वर्ग में सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज की टीम तीसरे स्थान पर रही। विजेता टीमें 17 नवंबर को उरई में आयोजित बुंदेलखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली प्रतिभास्थली तथा उपविजेता नगरपालिका बालिका इंटर कॉलेज, रावरपुरा की टीम ने हिंदी एवं संस्कृत में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा.संजीव कड़की एवं मनीष मंगू पहलवान ने किया। अंत में मनोज कामरेड एवं वीरेंद्र भैया ने आभार व्यक्त किया।

दहेज के लिए नवविवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक नवविवाहिता ने अपने पति, सास और ससुर पर दहेज की मांग को लेकर मानसिक एवं शारीरिक उत्पीडऩ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि उसे मारपीट कर ससुराल से निकाल दिया गया। इतना ही नहीं, उसके पति ने कथित तौर पर उसका इंस्टाग्राम अकाउंट खोलकर फर्जी संदेश भेजे और निजी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। विरोध करने पर पीड़िता और उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। मामले में कोतवाली पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह 24 अप्रैल 2026 को शहर के एक मोहल्ला निवासी युवक के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही उसकी सास और ससुर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान करने लगे।

दो भाइयों पर मुकदमा दर्ज किया

माताराानी की आरती में गाली-गलौज का विरोध करने पर बुजुर्ग का कान काटा

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम मसौराखुर्द में माताराानी की आरती के दौरान गाली-गलौज का विरोध करने पर एक बुजुर्ग के साथ मारपीट कर उनका कान काटकर अलग करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही दो भाइयों ने बुजुर्ग के साथ मारपीट की और विरोध करने पर एक आरोपी ने अपने मुंह से उनका कान काट लिया। घटना में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पुत्र की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मसौराखुर्द निवासी लाखन पुत्र भूरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे उसके पिता भूरा पुत्र शिबू गांव में आयोजित माताराानी की आरती में शामिल होने गए थे। इसी दौरान गांव के निवासी डरू और उसका भाई रतीराम, दोनों पुत्र विट्टन, वहां पहुंचे और भूरा के साथ गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि भूरा ने जब गाली-गलौज का विरोध किया तो दोनों भाइयों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उन्हें धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया गया। इसी बीच डरू ने अपने मुंह से भूरा का कान काटकर अलग कर दिया।

डीएम ने 14वीं अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता का किया समापन

मलखंभ में ललितपुर पुलिस का दबदबा, चौथी बार जीती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित 14वीं अंतर्जनपदीय तीन दिवसीय मलखम्भ प्रतियोगिता-2026 का रविवार को भव्य समारोह के बीच समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने विजेता खिलाडिय़ों को पदक, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ललितपुर पुलिस की टीम ने कुल 46.30 अंक हासिल कर लगातार चौथी बार चल वैजयंती शील्ड अपने नाम की। कानपुर नगर की टीम 34.80 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 18 अक्टूबर तक रिजर्व पुलिस लाइन्स ललितपुर में किया गया। इसमें कानपुर जोन की झांसी, जालौन, औरैया, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फतेहगढ़, इटावा और ललितपुर सहित कुल नौ जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया। तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में खिलाडिय़ों ने मलखम्भ की विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करते हुए अपनी शारीरिक क्षमता, संतुलन, फुर्ती और कौशल का परिचय दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डीएम सत्य प्रकाश को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी प्रतिभागी खिलाडिय़ों ने बैंड पर राष्ट्रगीत की धुनों के साथ मुख्य अतिथि का अभिवादन किया। जिलाधिकारी ने परेड का मान-प्रणाम ग्रहण किया तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कोच और खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त किया। समारोह के दौरान प्रतिभागी खिलाडिय़ों ने मानव पिरामिड सहित मलखम्भ की अन्य आकर्षक कलाओं का प्रदर्शन किया। खिलाडिय़ों के हैरतअंगेज करतब और शारीरिक संतुलन देखकर उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि ने खिलाडिय़ों के प्रदर्शन की सराहना कर खेल भावना, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के साथ आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया।

18 किमी पदयात्रा करते हुए जालपा धाम पहुंची यात्रा, जयकारों से गूंजा दरबार

करेड़ी क्षेत्रवासियों ने लगातार 14वें वर्ष निकाली भव्य चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पिछले नौ दिनों से जिलेवासी माता की भक्ति में रमे हुए हैं। स्थान-स्थान पर चुनरी यात्राओं, कन्या भोज, भंडारे, भंजन संध्या, गरबा सहित अन्य धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। इसी कड़ी में नवरात्रि की अष्टमी पर मुख्यालय समीपस्थ करेड़ी सहित आसपास के बाशिंदों ने लगातार 14 वर्ष मां जालपा चुनरी यात्रा का आयोजन किया। मां शैलपुत्री नवदुर्गा उत्सव समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से माता की चुनरी को थामे करीब 18 किमी की पदयात्रा करते हुए सभी मां जालपा धाम पहुंचे। ढोल-ढमाकों और डीजे पर माता के भजनों की प्रस्तुति पर 256 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकालते हुए सभी ने जिले की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।



पूजा-अर्चना उपरान्त आरंभ हुई यात्रा

रविवार को ग्राम करेड़ी के शीतला माता मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई। डीजे पर गूंजते माता के भजनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा, बच्चे और बुजुर्ग उत्साह के साथ शामिल हुए। कोई मां के जयकारे लगाता नजर आया तो कोई भजनों की धुन पर झूमते हुए आगे बढ़ता रहा। 18 किलोमीटर का रास्ता श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ तय किया।

बरसे फूल, फलाहार और शीतल जल से सेवा

करेड़ी से राजगढ़ स्थित मां जालपा धाम तक निकली चुनरी यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। कुंडीबे जोड़, नाना गांव, बरखेड़ा, सरेड़ी जोड़, मंडी गेट, खिलचीपुर नाका और देवझिरी सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और धार्मिक बंधुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। पदयात्रियों के लिए फलाहार और शीतल जल की व्यवस्था भी की गई। जगह-जगह मिले इस स्वागत से यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ गया।

14 साल से निभा रहे आस्था की परंपरा

ग्राम करेड़ी से लगातार 14वें वर्ष निकाली गई चुनरी यात्रा में ग्रामीणों की भागीदारी और श्रद्धा देखने लायक रही। महिला-पुरुषों के साथ बच्चों और बुजुर्गों ने भी पैदल चलकर मां के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। मां जालपा के दरबार में श्रद्धालुओं ने जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की। साथ ही क्षेत्र में आपसी प्रेम, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव बना रहने की प्रार्थना की। चुनरी यात्रा में ग्राम करेड़ी के ग्रामीणों सहित बड़ी संख्या में धार्मिक बंधु, माताएं-बहनें और अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

नेशनल हाईवे पर खड़ी बस में ट्रक घुसा आठ यात्री घायल, एक शाजापुर रेफर

नेशनल हाईवे पर सुबह छह बजे हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नेशनल हाईवे पर रविवार सुबह करीब 6 बजे यात्रियों से भरी एक खड़ी बस में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में आठ लोग घायल हो गए। इनमें पांच गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि दो को मामूली चोटें आईं। एक गंभीर घायल को प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, कमला बस क्रमांक यूपी 78 सी इंदौर से अशोकनगर जा रही थी। सारंगपुर नेशनल हाईवे पर यात्रियों को बाथरूम कराने के लिए बस रोकी गई थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 32 क्यूएन 3488 ने बस को टक्कर मार दी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे।

हादसे में यह हुए घायल

हादसे में देवेंद्र पिता राजू केवट (17), निवासी बजरंगगढ़, महक पिता जितेंद्र वंशकार (17), निवासी ललितपुर, पिंकी पति रामसेवक अहिरवार (23), निवासी अशोकनगर, राधिका पिता गोपाल वंशकार (16), निवासी मुंगावली, बस चालक जितेंद्र पिता हरिसिंह रघुवंशी (42), निवासी डगोरपुर, सोनू पिता हरिसिंह (36), निवासी अशोकनगर, गंगाराम पिता रघुवर अहिरवार (36), निवासी सेमरा पहाड़ और रविशंकर पिता जागरणरायण यादव (45), निवासी लखनऊ घायल हुए।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस



घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। वहीं, ट्रक चालक को ट्रक सहित पुलिस ने हिरासत में ले लिया। अन्य यात्रियों के सुरक्षित होने की पुष्टि के बाद थाना प्रभारी ने उनके गंतव्य तक पहुंचने के लिए दूसरी बस की व्यवस्था कराई। जानकारी लगने पर राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने मरीजों का हाल जाना।

दो घंटे तक बहता रहा हजारों लीटर पानी

केबल डालने के दौरान फूटी पानी की पाइपलाइन, आपूर्ति प्रभावित



सारंगपुर। नगर में एक कंपनी द्वारा जमीन के अंदर केबल डालने का काम किया जा रहा है। इस दौरान सिविल अस्पताल के सामने आड़ी बोरिंग करते समय पानी की पाइपलाइन फूट गई। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया। करीब दो घंटे तक पानी बहता रहा, जिससे पानी की बर्बादी हुई। वहीं, पाइपलाइन फूटने के कारण आसपास के कई घरों में पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हुई और रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, एक कंपनी की ओर से नगर में केबल बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसी काम के दौरान सिविल अस्पताल के सामने जमीन के नीचे आड़ी बोरिंग की जा रही थी। इसी दौरान पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें से पानी बहने लगा। पाइपलाइन फूटने के बाद सड़क पर पानी फैल गया। इसके बावजूद करीब दो घंटे तक पानी बहता रहा, जिससे बड़ी मात्रा में पेयजल बर्बाद हो गया। सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। नगर पालिका अमले ने स्थिति का जायजा लिया और कंपनी के मैनेजर को फटकार लगाते हुए क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

अस्पताल के रिकॉर्ड समेत सभी पहलुओं की जांच शुरू

नवजात बालिका का शव मिलने से नगर में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

एक ओर शारदीय नवरात्रि के दौरान नगर में मां दुर्गा की आराधना, अखंड ज्योत, यज्ञ-हवन और कन्या भोज के आयोजन किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुरावर में नवजात बालिका का शव नाले में मिलने का मामला सामने आया है। नगर परिषद क्षेत्र के लसूड़िया रामनाथ स्थित वार्ड क्रमांक-2 के भील मोहल्ले में सरकारी स्कूल के पीछे बने नाले में नवजात का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना वार्ड क्रमांक-1 के पार्षद दिलीप सिंह बना ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए नरसिंहगढ़ भेजा। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



खेल रहे बच्चों की नजर पड़ी, परिजनों ने पुलिस को दी सूचना

जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 12 बजे कुछ छोटे बच्चे नाले के समीप खेल रहे थे। इसी दौरान एक बच्चे ने नाले में पानी के ऊपर तैरता हुआ नवजात का शव देखा। बच्चे ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र मवई और उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने नवजात के शव को नाले से बाहर निकलवाया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

जन्म के 24 घंटे भी पूरे नहीं होने की आशंका

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नवजात के शव की स्थिति को देखते हुए उसके जन्म को 24 घंटे से कम समय होने की आशंका जताई जा रही है। शव बालिका का बताया जा रहा है। पुलिस को नवजात के शरीर पर गर्भनाल (अंबिलिकल कॉर्ड) भी लगी मिली। इससे जन्म के तुरंत बाद उसे नाले में फेंके जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि, जन्म के समय और मृत्यु के कारणों की आधिकारिक पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा चिकित्सकीय जांच के बाद ही हो सकेगी। मामले पुलिस का कहना है कि मोहल्ले से सूचना मिली थी कि नाले में एक नवजात का शव तैरता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए नरसिंहगढ़ भेजा है। मामले में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। डीएनए और फोरेंसिक जांच के माध्यम से आगे की जांच की जाएगी।

शीतला माता की सामूहिक आरती उतारी

शीतला माता मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

शीतला माता मंदिर पर कन्या भोज एवं कन्या पाद पूजन का आयोजन हुआ। महिला मंडल द्वारा आयोजित शारदीय नवरात्रि उत्सव के उपलक्ष में 23 वें वर्ष में जगत जननी शीतला माता के दरबार में कन्या भोज का आयोजन में शीतला माता की पूजा अर्चना चुनरी चढ़ाकर सामुहिक आरती उतारी गई।

तत्पश्चात कन्या भोज प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं ने सम्मिलित होकर महाप्रसादी ग्रहण की। महिला मंडल सदस्यों द्वारा कुमकुम अक्षत से तिलक लगाकर पाव पूजन कर आशीर्वाद लिया गया। नगर स्थित शीतला माता के दरबार में जो भक्त सच्चे मन से हाजिरी लगाते हैं माता रानी सबकी मुरादें पूरी करती है, यही नहीं यहां पर हर जाति धर्म के लोग विवाह समारोह के पूर्व माता पूजन करने पहुंचते हैं। जहां पर शादी विवाह लग्न सरा के समय एक दिन में कभी कभी तो लगभग दस से बीस वर बधु माता पूजन करने पहुंचते हैं जो क्रम से पुजा अर्चना करके मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ करते हैं। यहां पर नवरात्रि में प्रतिदिन माताजी वाला सोनी परिवार द्वारा संध्या आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन पहुंच कर मां शीतला के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करते हैं।



प्रभु की शरण में आए व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है

मंदसौर। आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। धर्मदर्शन के विद्वान पं. देवेश्वर जोशी ने कहा कि प्रभु की शरण में आया व्यक्ति सभी पापों से मुक्ति प्राप्त कर लेता है। कर्तव्य पालन करने वाले को कभी पाप का भागी नहीं बनना पड़ता है। श्रीमद् भगवत गीता में श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को कर्तव्य बोध कराने के लिये दिया गया उपदेश सबके लिये उपादेय है। आपने कहा कि रावण का बुराईयों के प्रतीक के रूप में अंत करके मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम ने मानव को श्रेष्ठ आचरण की प्रेरणा दी है। प्रमुख वक्ता प्रकाश रातड़िया ने कहा कि मानव जब विवेक, अंतःकरण व आत्मा की आवाज का बोध कर श्रेष्ठ आचरण करता है तब उसकी श्रेष्ठता प्रमाणित होती है। आपने कहा कि मनुष्य का विवेक प्रमाद के कारण आवृत हो जाता है। काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार आदि कषाय विवेक अनुसार व्यवहार करने में बाधक होते है इसलिये कषायों को संयम से निषिद्ध करना उचित है। वरिष्ठ साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि अपनी हैसियत से परे प्रदर्शन करना दुखदायी होता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप में जीवन यापन करना चाहिये। सुरेश पण्ड्या, अमन जैन, राजेन्द्र तिवारी, विनोद चौबे, राजकुमार जसवंत ने मंगलाचरण, गीत, भजन विचार रखे।

विजयदशमी पर दो स्थानों पर होगा रावण दहन

शामगढ़/मंदसौर। बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाने वाला विजयदशमी पर रावण दहन दो स्थानों पर होगा जिसमें सार्वजनिक दशहरा समिति का रावण ' शांतिकुंज पर होगा जिसकी शोभायात्रा सुवासरा रोड स्थित श्री राम मंदिर से बैड बाजो के साथ राम लक्ष्मण हनुमान बग्घी में सवार होकर प्रारंभ होगी जोकी नगर के मुख्य मुख्य मार्गो से निकलकर रावण दहन स्थल शांतिकुंज पर पहुंचेगी जहां पर भव्य आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन किया जाएगा वहीं पंजाबी समाज की शोभायात्रा राम लक्ष्मण हनुमान बग्घी में सवार होकर राधा कृष्ण मंदिर पंजाबी कॉलोनी से बैंड बाजों के साथ प्रारंभ होगी जोकि नगर के मुख्य मुख्य मार्गो से निकलकर रावण दहन स्थल परासली रोड गांधीनगरपहुंचेगी जहां पर भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जाएगा वहीं दूसरे दिन नीम चौक पर भरत मिलाप का आयोजन भी किया जाएगा।

भरे गए महाराणा प्रताप चौराहा के गड्ढे

मंदसौर। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन, नपा उपयंत्री राहुल गढावा की उपस्थिति में महाराणा प्रताप बस स्टैंड चौराहा पर पेचवर्क किया गया। प्रयोग के तौर के पर निजी कम्पनी के प्रतिनिधियों ने यहाँ पहुँचकर जर्मन तकनीक से पेचवर्क किया। रोक्सन स्टार पेचफिक्स कंपनी के राजेश शाह ने नपा के कर्मचारियों की मदद से यहाँ पेचवर्क किया। निजी कम्पनी का दावा है कि यह पेचवर्क लगने समय तक हर मौसम में टिका रहता है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि नगर परिषद ने केवल प्रयोग के तौर पर यहाँ गड्ढा भरने अर्थात पेचवर्क करने की अनुमति दी । नपा ने अभी कोई इसका टेंडर या वर्क आर्डर नहीं दिया है ।

महादेव विहार, रामटेकरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नवरात्रि महोत्सव

मंदसौर। महादेव विहार, रामटेकरी में ऋणमुक्तेश्वर महादेव एवं बालाजी मंदिर परिवार के तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। महोत्सव के दौरान माता रानी की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नवरात्रि के दौरान नियमित रूप से गरबा एवं डांडिया कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें उत्सव का पारंपरिक रंग देखने को मिला। साथ ही चेयर रेस सहित मनोरंजक खेलों, नृत्य प्रस्तुतियों, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महोत्सव में कन्या पूजन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में प्रतिभागियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण किया गया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और सामुदायिक सहभागिता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इस महोत्सव के माध्यम से क्षेत्र में उत्सव, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक मेल-जोल की भावना को प्रोत्साहन मिला।

हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल ने स्वच्छता दूतों का किया आत्मीय स्वागत व सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

स्नेह नगर स्थित प्रसिद्ध श्री अमलेश्वराय बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित नवरात्रि महोत्सव उस समय सामाजिक समरसता का केंद्र बन गया, जब अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने शहर की स्वच्छता की कमान संभालने वाले सफाई कर्मचारियों का भव्य स्वागत किया। मंदिर परिसर में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता दूतों पर पुष्प वर्षा की और उन्हें शाल-श्रीफल प्रदान कर उनके सेवा कार्य को नमन किया। समारोह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, मंदसौर के जिलाध्यक्ष विनोद जाट ने कहा कि शहर को स्वच्छ और स्वास्थ्यप्रद बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका सबसे अग्रणी रहती है। विपरीत परिस्थितियों में भी वे दिन-रात अपने कर्तव्य का पालन करते हैं।



नवरात्रि जैसे पवित्र पर्व पर इन कर्मयोगियों को सम्मानित कर परिषद ने समाज में उनकी सेवाओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी जितेन्द्रसिंह पोरस ने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सफाई कर्मी हमारे समाज का आधार स्तंभ हैं। उन्हें सम्मान देकर परिषद ने सामाजिक समरसता की एक नई मिसाल पेश की है। ऐसे आयोजनों से समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और परस्पर सम्मान की भावना बलवती होती है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ अम्बे की महाआरती के साथ हुआ। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष विनोद जाट, जिला महामंत्री गोपालसिंह राजावत, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर, श्यामलाल शर्मा, डॉ. अमोध बिहारी सक्सेना, मनोज माहेश्वरी, संजय जोशी, कैलाश मालवीय, बंशीलाल मालवीय, संदीप कच्छारा, कल्याणसिंह चौहान, मनोज शर्मा, कमलेश मेहता, मंदिर समिति के अध्यक्ष दीपक तोमर, अजय सोनगरा, गजेन्द्र जोशी, आयुष सक्सेना, ओमप्रकाश मिश्रा, जितेन्द्र पामेचा, रितुराजसिंह उपस्थित थे।

गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्रसूरीश्वरजी म.सा. के 200वें युगोत्सव के अंतर्गत सुराणा परिवार ने की गुरु आराधना

मंदसौर। गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्रसूरीश्वरजी म.सा. के 200वें जन्मोत्सव (युगोत्सव) के अंतर्गत घर-घर में गुरुदेव आराधना का आयोजन श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के तत्वाधान में किया जा रहा है। । इसमें श्री संघ के श्रावक एवं श्राविकाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ सुराणा परिवार के संस्थान 'शिशुवन' (सहकारी बाजार रोड) पर पधारकर गुरुदेव के गुरु गुण इक्कीसा का पाठ एवं स्तवन कर गुरुदेव की भक्ति एवं आरती कर आराधना की। लाभार्थी परिवार से निर्मल कुमार, विजय कुमार, विकास , पंकज, मयूर, आदित्य, विहान एवं गौरव सुराणा ने गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण व नवकार महामंत्र का स्मरण कर आरती की।

उक्त जानकारी देते हुए परिषद अध्यक्ष अजय फाफरिया एवं महामंत्री कमलेश सालेचा ने कहा कि गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्रसूरीश्वर महाराज साहेब का जन्म भरतपुर (राजस्थान) में सप्तमी को हुआ था तथा सप्तमी को ही आपने अपना नश्वर शरीर राजगढ़ की भूमि पर त्यागा था और राजगढ़ के समीप ही मोहनखेड़ा में आपका समाधि मंदिर बना है। अतः आने वाले वर्ष 2027 में गुरुदेव का 200वाँ जन्मदिन (युगोत्सव) है। इसी उपलक्ष्य में परिषद द्वारा पूरे वर्ष भर प्रत्येक सप्तमी पर ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे।



इस अवसर पर अ.भा. श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर लोढ़ा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रेयांश हिंगड़, त्रिस्तुतिक श्री संघ अध्यक्ष गजेंद्र हिंगड़, परमस्पर्श चातुर्मास समिति अध्यक्ष मनोहर सोनगरा, परिषद अध्यक्ष अजय कुमार फाफरिया, मूर्तिपूजक श्री संघ अध्यक्ष संजय जैन, श्वेतांबर गोपाल कृष्ण गौशाला अध्यक्ष संजय लोढ़ा, जैन सोशल ग्रुप अध्यक्ष राजेंद्र नाहर, श्रेयांशनाथ मंदिर अध्यक्ष हस्तीमल नाहर, परिषद के उपाध्यक्ष रोहित संघवी, नितेश पोरवाल, धर्मेंद्र कर्णावत, महामंत्री कमलेश सालेचा, सह-कोषाध्यक्ष जयेश डांगी, अपूर्व डोसी, मनीष सगरावत, अजय चपरोत, दिलीप कर्णावत, हरीश चपरोत, अशोक कर्णावत, प्रदीप हिंगड़, अनिल चौधरी, एवं महिला मंडल उपस्थित थे।

खानपुरा क्षेत्र वार्ड क्र. 32 और 33 में 32 लाख रु. के दो निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

मंदसौर। सोमवार को नगर परिषद मंदसौर के द्वारा खानपुरा क्षेत्र वार्ड क्र. 32 एवं 33 में दो अलग अलग स्थानों पर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। वार्ड क्र. 32 में तीन छत्री बालाजी मंदिर के पास मिट्टी के कटाव को रोकने के लिये बनायी जाने वाली रिटेनिंग वाल (लागत 22 लाख रु.) एवं वार्ड क्रमांक 33 अशोक नगर में पेवर ब्लॉक निर्माण (लागत 9.54 लाख रु.) का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यसभा सांसद व भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष बंशीलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में भागवताचार्य पं. विष्णु शर्मा, तीन छतरी बालाजी मंदिर के महंत रामकिशोरदासजी महाराज विशेष रूप से शामिल हुये। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री महेश जुनवाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन महाबली, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतेश चावला, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार, भाजपा जिला मंत्री पुलकित पटवा, पूर्व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजू चावला, पूर्व जिला महामंत्री विजय अठवाल भी शामिल हुये। इस अवसर पर नपा लोक निर्माण सभापति निर्मला चंदवानी, क्षेत्रीय पार्षद कमलेश सिसौदिया, भावना जयप्रकाश पमनानी, नपा सभापति सांसद प्रतिनिधि मुकेश खमेसरा, नपा सभापतिगण दीपमाला रामेश्वर मकवाना, रमेश ग्वाला, पार्षद बब्बन युसुफ गौरी, आशीष गौड एडवोकेट, शहजाद पटेल, दलपतसिंह डांगी, दीपक गाजवा, अशोक कर्नावट, संजय पंवार, पार्षद प्रतिनिधि बब्बू पमनानी, तीन छतरी बालाजी मंदिर के अशोक भावसार भी उपस्थित थे ।

रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने ढोल की थाप पर डांडिया और गरबा की प्रस्तुतियां दीं

'द शिशुवन वर्ल्ड स्कूल' में नवरात्रि और विजयदशमी का पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नवरात्रि एवं विजयादशमी के इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह से भक्ति के रंगों और बच्चों के उत्साह से सराबोर नजर आया। माँ शक्ति की आराधना और गरबा-डांडिया उत्सव का शुभारंभ प्रधानाचार्य अभिषेक श्रीवास्तव एवं उपप्राचार्य अर्जुन सिंह राठौर द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन और माँ दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना के साथ किया गया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने ढोल की थाप पर डांडिया और गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल



उत्सवमय हो गया। रामायण के जीवंत पात्र और लघु नाटिका में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी और संकटमोचन हनुमान की मनमोहक वेशभूषा धारण की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई लघु रामलीला और सांस्कृतिक झांकियों ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों का मन मोह लिया।इस पावन अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन विजय सुराना ने समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षक शिक्षिकाओं को नवरात्रि व विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने अपने संदेश में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए कहा कि, रविद्यार्थी जीवन ही वह आधारशिला है जहाँ श्रेष्ठ चरित्र और उच्च आदर्शों का निर्माण होता है। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक श्रीवास्तव ने भी सभी को पर्व की बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा, त्योहार केवल उत्सव मनाने का जरिया नहीं हैं, बल्कि यह पर्व हमें अपनी जड़ों और उच्च नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मयार्दा, धैर्य और सदाचार की सीख देता है। विद्यालय प्रबंधन से चेयरमैन विजय सुराणा एवं निदेशक मयूर सुराणा तथा आदित्य सुराणा ने इस सफल आयोजन पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं और उच्च नैतिक मूल्यों से जोड़ना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।